Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Dehu Ordinance Factory in Maval Parliamentary Constituency.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। पिछले आठ वर्षों से, मैं माननीय मंत्री जी से मिलकर इसके लिए प्रयास कर रहा हूँ।

मेरे संसदीय क्षेत्र मावल में देहु रोड ऑर्डनेंस फैक्ट्री है। इसमें रक्षा विभाग के लिए वर्ष 1982 से पायरो टेक्नोलॉजी से विभिन्न यंत्रों का निर्माण किया जाता है, जैसे 16 एमएम से 155 एमएम की स्मॉग यानी धुआँ करने और सैनिकों की जान बचाने वाले यंत्रों और सिम्नलिंग यंत्रों का निर्माण किया जाता है।

इस ऑर्डनेंस फैक्ट्री में किसी तरह के अति विस्फोटक का निर्माण नहीं किया जाता है और न ही इस फैक्ट्री में किसी तरह का कोई भण्डारण किया जाता है। इस क्षेत्र से जुड़े हुए रक्षा विभाग के कर्मचारियों का सरकारी निवास, देहु रोड, कैंटोनमेंट बोर्ड, पिंपरी चिंचवड़ महानगर पालिका, तलवड़े आईटी पार्क और पीएमआरडीए के क्षेत्र हैं। इस इलाके में लगभग पाँच-छ: लाख लोग रहते हैं। पिंपरी चिंचवड़ महानगर पालिका, देहु रोड कैंटोनमेंट बोर्ड और पीएमआरडीए ने यहाँ आधिकारिक रूप से टाउनशिप को मान्यता दी है। यहाँ कई सालों से लोग रहते हैं। यहाँ लाइट, पानी आदि की सुविधाएं दी गई हैं।

यह ऑर्डनेंस फैक्ट्री डिपो, जो वर्ष 2013 में 600 यार्ड का था, उसे बढ़ाने के लिए एक समिति का गठन किया गया था। उस समिति ने रक्षा विभाग को एक सुझाव दिया है। जब श्री पर्रिकर साहब रक्षा मंत्री थे, उसके बाद सीतारमन जी थीं, अब माननीय राजनाथ सिंह जी हैं, मैं उनके साथ लगातार बैठक कर रहा हूँ, इस क्षेत्र को 600 यार्ड से बढ़ाकर 2000 यार्ड का करने से पूरे पिंपरी चिंचवड़ की आधी सिटी खत्म हो जाएगी।

इसलिए मैं आपके माध्यम से यह मांग करता हूँ कि यहाँ के लोकल प्रतिनिधि और महानगर पालिका के अधिकारी बैठक करके रक्षा विभाग को एक सुझाव देना चाहते हैं। तब तक जो दो हजार यार्ड बढ़ाने का प्रयास है, उसे मैं कुछ समय के लिए रोकने की मांग करता हूँ।

धन्यवाद।